आदर्श प्रश्न पत्र

कक्षा	:	बारहवीं	पूर्ण अंक	:	100
विषय	:	हिन्दी	समय	:	3 घंटे

सामान्य निर्देश : इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड हैं – क, ख, ग तीन खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

खण्ड–क

प्र॰1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यापपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (12)

निर्मला सुधा से मिलने जाती रहती थी। बातों–बातों में ही सुधा को निर्मला से ज्ञात हो जाता है कि निर्मला का पहले विवाह उसके पति डॉक्टर भुवन मोहन सिन्हा से ही होने वाला था किन्तु उसके पिता की मृत्यु तथा सिन्हा परिवार की दहेज लिप्सा के कारण यह सम्बन्ध टूट गया। परिणामस्वरूप उसे तोताराम के साथ विवाह करना पड़ा। निर्मला को यह नहीं पता था कि सुधा का पति ही डॉ॰ भुवन मोहन सिन्हा है। घर आकर सुधा इस सम्बन्ध में अपने पति को बहुत बुरा–भला कह कर तिस्कृत करती है और उसे अपने छोटे भाई का निर्मला की छोटी बहन कृष्णा के साथ बिना दहेज लिए विवाह करने के लिए तैयार कर लेती है। कृष्णा के विवाह तय होने के साथ ही निर्मला एक पुत्री की माँ बन जाती है। कचहरी में कामकाज न मिलने से वकील तोताराम अत्यन्त दयनीय हो जाता है तथा उनका मकान नीलाम हो जाता है।

क) प्रस्तुत गद्यांश में लेखक किसके विषय में बात कर रहा है। (2)

ख) निर्मला का विवाह भुवन मोहन सिन्हा से क्यों नहीं हो पाता है? (2)

ग) निर्मला के पति का क्या नाम था। (1)

घ) कौन सी तीन बातों का जिक्र एक साथ किया गया है। (2)

ङ) निर्मला की छोटी बहन का विवाह किससे तय हुआ और कैसे। (2)

Scanned with CamScanner

च) सुधा के पति का क्या नाम था? (1)

छ) तोता राम की दयनीय दशा का क्या कारण था? (2)

प्र॰2 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (8)

भीष्म ने कहा था,

गुरु द्रोण ने कहा था,

इसी अन्तःपुर में

आकर कृष्णा ने कहा था –

मर्यादा मत तोड़ो

तोड़ी हुई मर्यादा

कुचले हुए अजगर–सी

गुंजलिका में कौरव–वंश में लपेट कर

सूखी लकड़ी–सा तोड़ डालेगी।

क) प्रस्तुत पक्तियां कहाँ से अवतरित की गई है और कवि का नाम क्या है। (2)

ख) भीष्म और गुरु द्रोण ने क्या कहाँ था? (2)

ग) प्रस्तुत काव्यांश का भाव सौन्दर्य लिखें। (2)

घ) प्रस्तुत काव्यांश की भाषा शैली का उल्लेख करें। (2)

Scanned with CamScanner

खण्ड–ख

प्र॰3 किसी एक विषय पर निबन्ध लिखें। (7)

(i) आधुनिकता और नारी (ii) फिल्मों की सामाजिक भूमि

(iii) आधुनिक युग में कंप्यूटर (iv) राष्ट्रीय एकता

प्र॰4 हिन्दी भाषा में क्रीमक विकास पर एक नोट लिखिए। (5)

अथवा

राष्ट्र भाषा के रूप में हिन्दी पर टिप्पणी लिखिए।

प्र॰5 प्रगीतवाद का अर्थ स्पष्ट करते हुए किन्हीं चार विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। (5)

प्र॰6 भारतेन्दु युगीन काव्य की विशेषताएँ लिखिए। (5)

खण्ड–ग

प्र॰7 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(10)

जब से चमन छुटा है, यह हाल हो गया है
दिल गम का खा रहा है, गम दिल को खा रहा है।
गाना इसे समझ कर खुश हो न सुनने वाले
दुखते हुए दिलों की फरियाद यह सदा है
आजाद मुझ को कर दे, औ कैद करने वाले
मैं बेज़बां हूँ कैदी, तू छोड़कर दुआ ले।

क) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि और कविता का नाम लिखिए। (2)

Scanned with CamScanner

ख) पक्षी किस दुःख को व्यक्त कर रहा है। (2)

ग) बन्दी पक्षी कैद करने वाले से क्या प्रार्थना करता है। (2)

घ) कवि की भाषा शैली कैसी है? (2)

ग) पक्षी सुनने वालों से क्या आशा कर रहा है? (2)

प्र॰8 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें। (5–5=10)

क) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के काव्य की विशेषताओं का वर्णन करें।

ख) महादेवी वर्मा के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

ग) नागार्जुन के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

प्र॰9 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें। (3–3=6)

क) हिन्दी साहित्य के आधुनिक काल की आर्थिक दशा कैसी थी?

ख) सम्पर्क भाषा का परिचय दीजिए।

ग) द्विवेदी युग की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

प्र॰10 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5–5=10)

क) माता गन्धारी का चरित्र–चित्रण काव्य नाटक 'अन्धायुग' के आधार पर कीजिए।

ख) प्रथम अंक 'कौरव नगरी' का सार अपने शब्दों में लिखिए।

ग) तत्त्वों के आधार पर काव्य नाटक 'अन्धायुग' की समीक्षा कीजिए।

प्र॰11 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए। (5–5=10)

क) 'निर्मला' उपन्यास के आधार पर मंसाराम का चरित्र–चित्रण कीजिए।

Scanned with CamScanner

ख) 'निर्मला' उपन्यास की भाषा–शैली की समीक्षा कीजिए।

ग) 'निर्मला' उपन्यास के आधार पर निर्मला का चरित्र–चित्रण कीजिए।

प्र॰12 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (12)

i) कवि ने जनता को अबोध क्यों कहा है? (2)

ii) गुरु द्रोणाचार्य की मृत्यु कैसे हुई? (2)

iii) 'संध्या के बाद' किस कविता की रचना है? (1)

iv) रोग–शोक में भी कौन हँसता है? (1)

v) सहदेव कब से अर्द्ध–विकसित था? (1)

vi) युयुत्सु की मृत्यु कैसे हुई? (1)

vii) प्रेमचन्द जी के बचपन का नाम लिखिए। (1)

viii) उपन्यास के तत्त्वों के नाम लिखिए। (1)

ix) हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है। (1)

x) हिन्दी भाषा की लिपि कौन–सी है। (1)

Scanned with CamScanner